Prepp

Practice, Learn and Achieve
Your Goal with Prepp

# UGC NET

## Paper I - Set R

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

**Signature and Name of Invigilator**

# PAPER - I

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ..............................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________
(In words)

**D 0 0 1 5**

**Test Booklet Series R**

**Time : 1¼ hours]**

**[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **60**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of sixty (60) multiple-choice type of questions, out of which the candidate would be required to answer any fifty (50) questions. In the event of candidate attempting more than fifty questions, the first fifty questions attempted by the Candidate would be evaluated.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal/polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal/without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
   (iv) The Series of this booklet is **R**, make sure that the Series printed on OMR Sheet is same as that on this booklet. In case of discrepancy in Series, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of the Test Booklet/OMR Sheet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में साठ (60) बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें से उम्मीदवार को किसी भी पचास (50) प्रश्न का उत्तर देना होगा। उम्मीदवार द्वारा पचास से अधिक प्रश्नों का उत्तर देने पर उम्मीदवार द्वारा दिये गये प्रथम पचास प्रश्नों का मूल्यांकन किया जायेगा।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील/पोलिथीन बैग को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील/बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
   (iv) इस प्रश्न-पुस्तिका का सीरीज़ **R** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस प्रश्न-पुस्तिका का सीरीज़, OMR पत्रक के सीरीज़ से मिलता है। अगर सीरीज़ भिन्न हो तो परीक्षार्थी दूसरी समान सीरीज़ वाली प्रश्न-पुस्तिका/OMR पत्रक बदलने के लिए निरीक्षक को तुरंत सूचित करें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# PAPER - I

**Note :** This paper consists of **Sixty (60)** multiple-choice type of questions, out of which the candidate would be required to answer **any Fifty (50)** questions. In the event of candidate attempting more than **Fifty (50)** questions, the **first Fifty (50)** questions attempted by the Candidate would be evaluated.

**50 Q x 2 M = 100 Marks**

**Given below in the table is the decadal data of Population and Electrical Power Production of a country.**

| Year | Population (million) | Electrical Power Production (GW)* |
|---|---|---|
| 1951 | 20 | 10 |
| 1961 | 21 | 20 |
| 1971 | 24 | 25 |
| 1981 | 27 | 40 |
| 1991 | 30 | 50 |
| 2001 | 32 | 80 |
| 2011 | 35 | 100 |
| | | * 1 GW = 1000 million watt |

**Based on the above table, answer the questions from Sl. No. 1 to 6.**

**1.** In which decade, the average power availability per person was maximum ?

(1) 1971-1981 (2) 1981-1991 (3) 1991-2001 (4) 2001-2011

**2.** By what percentage (%) the power production increased from 1951 to 2011 ?

(1) 900% (2) 100% (3) 300% (4) 600%

**3.** Based on the average decadal growth rate, what will be the population in the year 2021 ?

(1) 36.62 million (2) 40.34 million (3) 38.49 million (4) 37.28 million

**4.** Average decadal growth rate (%) of population is :

(1) ~ 5% (2) ~ 12.21% (3) ~ 9.82% (4) ~ 6.73%

**5.** In the year 1951, what was the power availability per person ?

(1) 500 W (2) 100 W (3) 200 W (4) 400 W



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results,
Vacancies and updates on one click
Know More

## प्रश्न-पत्र – I

**नोट:** इस प्रश्न-पत्र में **साठ (60)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें से उम्मीदवार को किसी भी **पचास (50)** प्रश्न का उत्तर देना होगा। उम्मीदवार द्वारा **पचास (50)** से अधिक प्रश्नों का उत्तर देने पर उम्मीदवार द्वारा दिये गये **प्रथम पचास (50)** प्रश्नों का मूल्यांकन किया जायेगा।

**50 प्रश्न x 2 अंक = 100 अंक**

**निम्नलिखित तालिका में देश की आबादी और विद्युत उत्पादन के दशकगत आँकड़े दिए गए हैं।**

| वर्ष | आबादी (मिलियन में) | विद्युत उत्पादन (गीगा वाट)* |
|---|---|---|
| 1951 | 20 | 10 |
| 1961 | 21 | 20 |
| 1971 | 24 | 25 |
| 1981 | 27 | 40 |
| 1991 | 30 | 50 |
| 2001 | 32 | 80 |
| 2011 | 35 | 100 |
| | | * 1 गीगा वाट=1000 मिलियन वाट |

**उपर्युक्त तालिका के आधार पर प्रश्न संख्या 1 से 6 के उत्तर दीजिए।**

**1.** किस दशक में, प्रति व्यक्ति विद्युत की औसत उपलब्धता सर्वाधिक थी?

(1) 1971-1981 (2) 1981-1991 (3) 1991-2001 (4) 2001-2011

**2.** वर्ष 1951 से 2011 के बीच कितने प्रतिशत से विद्युत उत्पादन में वृद्धि हुई है?

(1) 900% (2) 100% (3) 300% (4) 600%

**3.** औसत दशकगत वृद्धि दर के आधार पर वर्ष 2021 में आबादी कितनी होगी?

(1) 36.62 मिलियन (2) 40.34 मिलियन (3) 38.49 मिलियन (4) 37.28 मिलियन

**4.** आबादी की औसत दशक वृद्धि दर (%) क्या है?

(1) ~ 5% (2) ~ 12.21% (3) ~ 9.82% (4) ~ 6.73%

**5.** वर्ष 1951 में, प्रति व्यक्ति विद्युत की उपलब्धता कितनी थी?

(1) 500 वाट (2) 100 वाट (3) 200 वाट (4) 400 वाट



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

6. Which decade registered the maximum growth rate (%) of population ?

(1) 2001-2011 (2) 1961-71 (3) 1971-81 (4) 1991-2001

7. Which of the following statements are **correct** about Lok Sabha ?

(a) The Constitution puts a limit on the size of the Lok Sabha.

(b) The size and shape of the Parliamentary Constituencies is determined by the Election Commission.

(c) First - past - the Post electoral system is followed.

(d) The Speaker of Lok Sabha does not have a casting vote in case of an equality of votes.

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (a), (b), (c) and (d) (2) (a) and (c)

(3) (a), (b) and (c) (4) (a), (c) and (d)

8. The grounds on which discrimination in admission to educational institutions is constitutionally prohibited are :

(a) Religion

(b) Sex

(c) Place of birth

(d) Nationality

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (a), (b), (c) and (d) (2) (b), (c) and (d)

(3) (a), (b) and (c) (4) (a), (b) and (d)

9. As part of National Climate Change Policy, Indian government is planning to raise the installed capacity of renewable energy by the year 2030 to :

(1) 350 GW (2) 175 GW (3) 200 GW (4) 250 GW

10. **Assertion (A) :** People population control measures do not necessarily help in checking environmental degradation.

**Reason (R) :** The relationship between population growth and environmental degradation is rather complex.

Choose the **correct** answer from the following :

(1) **(A)** is false but **(R)** is true.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(4) **(A)** is true but **(R)** is false.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

6. आबादी की सर्वाधिक वृद्धि दर (%) किस दशक में दर्ज की गई?

(1) 2001-2011 (2) 1961-71 (3) 1971-81 (4) 1991-2001

7. लोक सभा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन **सही** हैं?

(a) संविधान में लोक सभा के सदस्यों की संख्या की सीमा तय की गई है।

(b) संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सीमा और आकार निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किये जाते हैं।

(c) फर्स्ट-पास्ट-द पोस्ट निर्वाचन प्रणाली अपनाई जाती है।

(d) मतों के समान रहने की स्थिति में लोकसभाध्यक्ष के पास निर्णायक मत नहीं होता है।

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (b), (c) और (d) (2) (a) और (c)

(3) (a), (b) और (c) (4) (a), (c) और (d)

8. शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश में किन आधारों पर किए जाने वाले पक्षपात का संवैधानिक रूप से निषेध किया गया है?

(a) धर्म

(b) लिंग

(c) जन्म स्थान

(d) राष्ट्रीयता

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (b), (c) और (d) (2) (b), (c) और (d)

(3) (a), (b) और (c) (4) (a), (b) और (d)

9. राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन नीति के भाग के रूप में, भारत सरकार की वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा की संस्थापित क्षमता को कहाँ तक बढ़ाने की योजना है?

(1) 350 GW (2) 175 GW (3) 200 GW (4) 250 GW

10. **अभिकथन (A) :** जनसंख्या नियंत्रण के उपायों से अनिवार्य रूप से पर्यावरणीय ह्रास को रोकने में मदद नहीं मिलती है।

**तर्क (R) :** जनसंख्या वृद्धि और पर्यावरणीय ह्रास के बीच का सम्बन्ध जटिल है।

निम्नलिखित से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) **(A)** असत्य है, परन्तु **(R)** सत्य है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं और **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं, परन्तु **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(4) **(A)** सत्य है, परन्तु **(R)** असत्य है।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**11.** Which of the following is an open source software ?

(1) Acrobat Reader (2) MS Word

(3) Windows (4) Mozilla Firefox

**12.** At present, in terms of per capita energy consumption (kWh/year), identify the **correct** sequence.

(1) China > Russia > Brazil > India (2) Brazil > Russia > China > India

(3) Russia > China > India > Brazil (4) Russia > China > Brazil > India

**13.** Which of the following is an instant messaging application ?

(a) WhatsApp

(b) Google Talk

(c) Viber

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (a), (b) and (c) (2) (a) and (b) only

(3) (b) and (c) only (4) (a) only

**14.** Public Order as an item in the Constitution figures in :

(1) the Residuary Powers (2) the Union List

(3) the State List (4) the Concurrent List

**15.** NMEICT stands for :

(1) National Mission on E-learning through ICT

(2) National Mission on Education through ICT

(3) National Mission on E-governance through ICT

(4) National Mission on E-commerce through ICT

**16.** In a Computer a byte generally consists of :

(1) 10 bits (2) 4 bits (3) 8 bits (4) 16 bits

**17.** Which of the following pollutants can cause cancer in humans ?

(1) Ozone (2) Pesticides (3) Mercury (4) Lead

**18.** Which of the following enables us to send the same letter to different persons in MS Word ?

(1) Mail merge (2) Mail join (3) Mail copy (4) Mail insert



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**11.** निम्नलिखित में से कौन ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर है?

(1) एक्रोबैट रीडर (2) एम.एस.वर्ड

(3) विंडोज (4) मोजिल्ला फायरफॉक्स

**12.** वर्तमान में, प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत (किलो वाट घंटा/वर्ष) के संदर्भ में, **सही** क्रम की पहचान कीजिए।

(1) चीन > रूस > ब्राजील > भारत (2) ब्राजील > रूस > चीन > भारत

(3) रूस > चीन > भारत > ब्राजील (4) रूस > चीन > ब्राजील > भारत

**13.** निम्नलिखित में से कौन एक इन्सटेंट मैसेजिंग एप्लीकेशन है?

(a) व्हाट्सऐप

(b) गूगल टॉक

(c) वाइबर

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (b) और (c) (2) केवल (a) और (b)

(3) केवल (b) और (c) (4) केवल (a)

**14.** संविधान में एक मद के रूप में लोक व्यवस्था निम्नलिखित में से किसमें आती है?

(1) अवशिष्ट शक्तियों में (2) संघ सूची में

(3) राज्य सूची में (4) समवर्ती सूची में

**15.** एन.एम.ई.आई.सी.टी. का अर्थ है :

(1) नेशनल मिशन ऑन ई-लर्निंग थ्रू आई.सी.टी.

(2) नेशनल मिशन ऑन एजुकेशन थ्रू आई.सी.टी.

(3) नेशनल मिशन ऑन ई-गवर्नेंस थ्रू आई.सी.टी.

(4) नेशनल मिशन ऑन ई-कॉमर्स थ्रू आई.सी.टी.

**16.** एक कम्प्यूटर में एक बाइट में सामान्यत: शामिल होते हैं :

(1) 10 बिट्स (2) 4 बिट्स (3) 8 बिट्स (4) 16 बिट्स

**17.** निम्नलिखित में से किस प्रदूषक के कारण मानव को कैंसर हो सकता है?

(1) ओज़ोन (2) कीटनाशक (3) पारा (4) सीसा

**18.** निम्नलिखित में से कौन हमें एक ही पत्र को एम.एस. वर्ड में विभिन्न व्यक्तियों को भेजने में समर्थ बनाता है?

(1) मेल मर्ज (2) मेल ज्वाइन (3) मेल कॉपी (4) मेल इंसर्ट



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**19.** Which of the following phenomena is **not** a natural hazard ?

(1) Chemical contamination (2) Wildfire

(3) Lightning (4) Landslide

**20.** Which of the following is **not** an input device ?

(1) Monitor (2) Microphone (3) Keyboard (4) Joystick

**21.** Which among the following States has the highest number of seats in the Lok Sabha ?

(1) West Bengal (2) Maharashtra (3) Rajasthan (4) Tamil Nadu

**22.** The term of office of the Advocate General of a State is :

(1) not fixed

(2) 4 years

(3) 5 years

(4) 6 years or 65 years of age whichever is earlier

**23.** Which of the following are the objectives of Rashtriya Uchchatar Shiksha Abhiyan (RUSA) ?

(a) To improve the overall quality of state institutions.

(b) To ensure adequate availability of quality faculty.

(c) To create new institutions through upgradation of existing autonomous colleges.

(d) To downgrade universities with poor infrastructure into autonomous colleges.

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (a), (b) and (d) (2) (a), (b), (c) and (d)

(3) (a), (b) and (c) (4) (a), (c) and (d)

**24.** Inside rural homes, the source/sources of Nitrogen Oxide Pollution may be :

(a) Unvented gas stoves

(b) Wood stoves

(c) Kerosene heaters

Choose the **correct** code :

(1) (a), (b) and (c) (2) (a) and (b) only

(3) (b) and (c) only (4) (b) only



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

19. निम्नलिखित में से कौन-सी घटना एक प्राकृतिक खतरा **नहीं** है?
(1) रासायनिक संदूषण (2) दावाग्नि
(3) बिजली कौंधना (4) भूस्खलन

20. निम्नलिखित में से कौन निवेशी (इनपुट) डिवाइस **नहीं** है?
(1) मॉनीटर (2) माइक्रोफोन (3) कीबोर्ड (4) जॉयस्टिक

21. निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य की लोक सभा में सीटों की संख्या सर्वाधिक है?
(1) पश्चिम बंगाल (2) महाराष्ट्र (3) राजस्थान (4) तमिलनाडु

22. एक राज्य के महाधिवक्ता का कार्यकाल होता है :
(1) निर्धारित नहीं है
(2) 4 वर्ष
(3) 5 वर्ष
(4) 6 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो

23. राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आर.यू.एस.ए.) के निम्नलिखित में से क्या उद्देश्य हैं?
(a) सरकारी संस्थाओं की समग्र गुणवत्ता में सुधार करना।
(b) गुणवत्तापूर्ण संकायों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना।
(c) वर्तमान स्वायत्त महाविद्यालयों के उन्नयन के माध्यम से नई संस्थाएं सृजित करना।
(d) अपर्याप्त अवसंरचना वाले विश्वविद्यालयों का स्वायत्त महाविद्यालयों में अधोस्तरण करना।
नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :
(1) (a), (b) और (d) (2) (a), (b), (c) और (d)
(3) (a), (b) और (c) (4) (a), (c) और (d)

24. ग्रामीण घरों में, नाइट्रोजन ऑक्साइड प्रदूषण का/के स्रोत हो सकता है/सकते हैं :
(a) धूम्र निकास की सुविधारहित गैस चूल्हा
(b) लकड़ी चूल्हा
(c) मिट्टी तेल वाले हीटर
**सही** कूट का चयन कीजिए :
(1) (a), (b) और (c) (2) केवल (a) और (b)
(3) केवल (b) और (c) (4) केवल (b)



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**25.** Which of the following are the characteristics of a seminar ?

(a) It is a form of academic instruction.

(b) It involves questioning, discussion and debates.

(c) It involves large groups of individuals.

(d) It needs involvement of skilled persons.

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (a), (b) and (d) (2) (b) and (c)

(3) (b) and (d) (4) (b), (c) and (d)

**26.** As Chairman of an independent commission on education, Jacques Delors report to UNESCO was titled :

(1) World Declaration on Education for All

(2) International Commission on Education Report

(3) Millennium Development Report

(4) Learning : The Treasure Within

**27.** Which one of the following statements is **correct** in the context of multiple - choice type questions ?

(1) They are more subjective than true-false type questions.

(2) They are more objective than true-false type questions.

(3) They are less objective than essay type questions.

(4) They are more subjective than short-answer type questions.

**28.** Which of the following attributes denote great strengths of a teacher ?

(a) Full-time active involvement in the institutional management

(b) Setting examples

(c) Willingness to put assumptions to the test

(d) Acknowledging mistakes

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (a), (b), (c) and (d) (2) (a), (b) and (d)

(3) (b), (c) and (d) (4) (a), (c) and (d)

**29.** Ethical norms in research do **not** involve guidelines for :

(1) Data sharing policies (2) Thesis format

(3) Copyright (4) Patenting policy



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

25. निम्नलिखित में से कौन-कौन किसी सेमिनार की विशेषताएँ हैं?

(a) यह एक अकादमिक अनुदेशन का प्रकार है।

(b) इसमें प्रश्न करना, चर्चा एवं वाद-विवाद शामिल हैं।

(c) इसमें व्यक्तियों के बड़े समूह शामिल होते हैं।

(d) इसमें कौशलयुक्त व्यक्तियों की संलिप्तता की आवश्यकता होती है।

नीचे दिए गए कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (b) और (d)
(2) (b) और (c)
(3) (b) और (d)
(4) (b), (c) और (d)

26. शिक्षा के क्षेत्र में एक स्वतंत्र आयोग के अध्यक्ष के रूप में यूनेस्को को प्रस्तुत की गई जैक़्स डिलोर्स की रिपोर्ट का शीर्षक था :

(1) वर्ल्ड डिक्लेरेशन ऑन एजुकेशन फॉर ऑल

(2) इंटरनेशनल कमिशन ऑन एजुकेशन रिपोर्ट

(3) मिलेनियम डेवलपमेंट रिपोर्ट

(4) लर्निंग : द ट्रेजर विदिन

27. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन बहु-विकल्प प्रकार के प्रश्नों के संदर्भ में **सही** है?

(1) वे सही-गलत वाले प्रश्नों की तुलना में अधिक व्यक्तिनिष्ठ होते हैं।

(2) वे सही-गलत वाले प्रश्नों की तुलना में अधिक वस्तुनिष्ठ होते हैं।

(3) वे निबंध वाले प्रश्नों की तुलना में कम वस्तुनिष्ठ होते हैं।

(4) वे लघु-उत्तर वाले प्रश्नों की तुलना में अधिक व्यक्तिनिष्ठ होते हैं।

28. निम्नलिखित में से कौन-कौन से गुण किसी शिक्षक की बड़ी ताकत को प्रदर्शित करते हैं?

(a) संस्थागत प्रबंधन में पूर्णकालिक सक्रिय संलिप्तता

(b) उदाहरण प्रस्तुत करना

(c) अवधारणाओं के परीक्षण के लिए तत्पर रहना

(d) गलतियों को स्वीकार करना

नीचे दिए गए कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (b), (c) और (d)
(2) (a), (b) और (d)
(3) (b), (c) और (d)
(4) (a), (c) और (d)

29. निम्न में से किसके लिए शोध के आचार संबंधी मानकों के दिशानिर्देश शामिल **नहीं** होते?

(1) डाटा शेयरिंग नीति
(2) शोध प्रारूप
(3) स्वत्वाधिकार (कॉपीराइट)
(4) पेटेंट नीति



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**30.** Which of the following are the basic rules of APA style of referencing format ?

(a) Italicize titles of shorter works such as journal articles or essays

(b) Invert authors' names (last name first)

(c) Italicize titles of longer works such as books and journals

(d) Alphabetically index reference list

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (a), (b), (c) and (d) (2) (a) and (b)

(3) (b), (c) and (d) (4) (c) and (d)

**31.** A researcher is interested in studying the prospects of a particular political party in an urban area. What tool should he prefer for the study ?

(1) Schedule (2) Rating scale (3) Interview (4) Questionnaire

**32.** Which of the following statements is **not** true in the context of participatory research ?

(1) Its sole purpose is production of knowledge.

(2) It recognizes knowledge as power.

(3) It emphasises on people as experts.

(4) It is a collective process of enquiry.

**33.** What are the characteristics of Continuous and Comprehensive Evaluation ?

(a) It increases the workload on students by taking multiple tests.

(b) It replaces marks with grades.

(c) It evaluates every aspect of the student.

(d) It helps in reducing examination phobia.

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (b), (c) and (d) (2) (a), (b), (c) and (d)

(3) (b) and (d) (4) (a), (b) and (c)

**34.** What are required for good teaching ?

(a) Diagnosis

(b) Remedy

(c) Direction

(d) Feedback

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (c) and (d) (2) (a), (b), (c) and (d)

(3) (a) and (b) (4) (b), (c) and (d)



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

30. निम्नलिखित में से कौन-कौन ए.पी.ए. शैली के संदर्भ प्रारूप के मूलभूत नियम हैं?

(a) छोटी कृतियों जैसे जर्नल आलेख अथवा निबंध, के शीर्षक तिरछा करके लिखें

(b) लेखकों के नाम उल्टा करके लिखें (अंतिम नाम पहले)

(c) लम्बी कृतियों जैसे पुस्तक एवं जर्नल, के शीर्षक तिरछा करके लिखें

(d) संदर्भ सूची प्रविष्टियों का वर्णानुक्रम में सूचीयन करें

नीचे दिए गए कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (a), (b), (c) और (d)
(2) (a) और (b)
(3) (b), (c) और (d)
(4) (c) और (d)

31. एक अनुसंधानकर्ता किसी शहरी क्षेत्र में एक राजनीतिक दल विशेष की संभावनाओं के अध्ययन हेतु इच्छुक है। इस अध्ययन हेतु किस उपकरण को वरीयता देनी चाहिए?

(1) अनुसूची
(2) निर्धारण मापनी
(3) साक्षात्कार
(4) प्रश्नावली

32. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सहभागी अनुसंधान के संदर्भ में सही **नहीं** है?

(1) इसका एकमात्र उद्देश्य ज्ञान का उत्पादन है।
(2) यह ज्ञान को शक्ति के रूप में पहचानता है।
(3) यह लोगों को विशेषज्ञ मानने पर जोर देता है।
(4) यह जांच की एक सामूहिक प्रक्रिया है।

33. सतत एवं व्यापक मूल्यांकन की विशेषताएं क्या-क्या हैं?

(a) यह अनेक परीक्षाओं के कारण छात्रों के कार्यभार में वृद्धि करता है।

(b) यह प्राप्तांकों को ग्रेड से प्रतिस्थापित करता है।

(c) यह छात्र के प्रत्येक पहलू का मूल्यांकन करता है।

(d) यह परीक्षा के डर को कम करने में सहायता करता है।

नीचे दिए गए कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (b), (c) और (d)
(2) (a), (b), (c) और (d)
(3) (b) और (d)
(4) (a), (b) और (c)

34. अच्छे शिक्षण के लिए क्या-क्या अपेक्षित हैं?

(a) निदान

(b) उपचार

(c) निदेश

(d) प्रतिपुष्टि

नीचे दिए गए कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (c) और (d)
(2) (a), (b), (c) और (d)
(3) (a) और (b)
(4) (b), (c) और (d)



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**35.** Which of the following statements is **true** in the context of the testing of a hypothesis ?

(1) Both, the alternative and the null hypotheses cannot be tested.

(2) It is only the alternative hypothesis, that can be tested.

(3) It is only the null hypothesis, that can be tested.

(4) Both, the alternative and the null hypotheses can be tested.

**36.** Greater the handicap of the students coming to the educational institutions, greater the demand on the :

(1) State (2) Family (3) Society (4) Teacher

**Read the following passage carefully and answer question numbers 37 to 41.**

I did that thing recently where you have to sign a big card - which is a horror unto itself, especially as the keeper of the Big Card was leaning over me at the time. Suddenly I was on the spot, a rabbit in the headlights, torn between doing a fun message or some sort of in-joke or a drawing. Instead overwhelmed by the myriad options available to me, I decided to just write : "Good luck, best, Joel".

It was then that I realised, to my horror, that I had forgotten how to write. My entire existence is "tap letters into computer". My shopping lists are hidden in the notes function of my phone. If I need to remember something I send an e-mail to myself. A pen is something I chew when I'm struggling to think. Paper is something I pile beneath my laptop to make it a more comfortable height for me to type on.

A poll of 1,000 teens by the stationers, Bic found that one in 10 don't own a pen, a third have never written a letter, and half of 13 to 19 years - old have never been forced to sit down and write a thank you letter. More than 80% have never written a love letter, 56% don't have letter paper at home. And a quarter have never known the unique torture of writing a birthday card. The most a teen ever has to use a pen is on an exam paper.

Bic, have you heard of mobile phones ? Have you heard of e-mail, facebook and snap chatting ? This is the future. Pens are dead. Paper is dead. Handwriting is a relic.

"Handwriting is one of the most creative outlets we have and should be given the same importance as other art forms such as sketching, painting or photography."

**Answer the following questions :**

**37.** According to the author, which one is **not** the most creative outlet of pursuit ?

(1) Reading (2) Handwriting

(3) Photography (4) Sketching



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**35.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन किसी परिकल्पना के परीक्षण के संदर्भ में **सही** है?

(1) वैकल्पिक एवं नल दोनों परिकल्पनाओं का परीक्षण नहीं किया जा सकता है।

(2) यह केवल वैकल्पिक परिकल्पना है, जिसका परीक्षण किया जा सकता है।

(3) यह केवल नल परिकल्पना है, जिसका परीक्षण किया जा सकता है।

(4) वैकल्पिक एवं नल दोनों परिकल्पनाओं का परीक्षण किया जा सकता है।

**36.** शैक्षणिक संस्थानों में आने वाले छात्रों को जितनी बाधाएं आएंगी, उतनी अधिक अपेक्षाएं :

(1) राज्य से होंगी। (2) परिवार से होंगी। (3) समाज से होंगी। (4) शिक्षक से होंगी।

**निम्नलिखित अनुच्छेद को सावधानीपूर्वक पढ़िए और 37 से 41 तक के प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

हाल ही में मैंने वही काम किया जहां आपको एक बड़े कार्ड पर हस्ताक्षर करने होते हैं और यह काम अपने आप में एक संत्रास है, विशेषकर जबकि उस बड़े कार्ड का धारक मेरे ऊपर झुका हुआ था। मैं अचानक ऐसी स्थिति में था, जैसे अग्रदीप में एक खरगोश या विनोदपूर्ण संवाद भेजने अथवा इन-जोक अथवा आरेखन के बीच उधेड़बुन की स्थिति। इसके बजाय उपलब्ध अनेक विकल्पों से अभिभूत होकर मैंने यही लिखने का निर्णय किया : ''गुड लक, ठीक है, जोएल''।

भयभीत होकर तभी मैंने महसूस किया कि मैं तो लिखना ही भूल गया हूँ। मेरा तो इतना-सा वजूद है ''कम्प्यूटर पर अक्षरों को दबाओ।'' खरीदारी हेतु मेरी सूची तो मेरे फोन के नोट प्रकार्य में छिपी है। यदि मुझे कोई याद करने की आवश्यकता पड़ती है, तो मैं अपने आप को ई-मेल भेज देता हूँ। जब मैं कुछ सोच-विचार में संघर्ष कर रहा होता हूँ तो मैं अपनी कलम चबाने लगता हूँ। कागज कुछ इस तरह से है जिसे मैं लैपटॉप के नीचे एकत्रित करता हूँ ताकि टँकण हेतु इसकी ऊँचाई मेरे लिए अधिक सुविधाजनक हो जाय।

लेखनसामग्री विक्रेताओं द्वारा 1,000 किशोर बालकों के सर्वेक्षण में, बिक ने पाया कि उनके 10 में से एक किशोर के पास अपनी कलम नहीं है, उनमें से हर तीसरे ने तो कभी पत्र नहीं लिखा है एवं 13 से 19 वर्ष के आयु वर्ग के आधे किशोरों को कभी भी बाध्य नहीं किया गया कि वे बैठें और धन्यवाद का पत्र लिखें। 80% से अधिक किशोरों ने तो कभी भी कोई प्रेम पत्र नहीं लिखा, 56% के घर पर पत्र का कागज नहीं है। साथ ही एक-चौथाई को तो जन्मदिन के कार्ड लिखने की अनोखी जहमत की कोई जानकारी ही नहीं हुई। अधिक से अधिक यदि किसी किशोर को कलम के प्रयोग की आवश्यकता हुई तो वह सिर्फ परीक्षा प्रश्न पत्र का उत्तर लिखने में।

बिक, क्या तुमने कभी मोबाइल फोन के बारे में सुना है? क्या तुमने ई-मेल, फेसबुक और स्नैप चैटिंग के बारे में सुना है? यही भविष्य है। कलम का जमाना गया। कागज का जमाना गया। हस्तलेखन अब स्मृतिशेष रह गया है।

''हमारे पास हस्तलेखन सर्वाधिक सर्जनात्मक अभिव्यक्ति है तथा इसे रेखाचित्र (स्केचिंग), चित्रकारी अथवा फोटोग्राफी जैसी कला के अन्य रूपों की तरह समान महत्व दिया जाना चाहिए।''

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये :**

**37.** लेखक के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन कामकाज की सर्वाधिक सर्जनात्मक अभिव्यक्ति **नहीं** है?

(1) पढ़ना (2) हस्तलेखन

(3) फोटोग्राफी (4) रेखाचित्र बनाना (स्केचिंग)



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**38.** When confronted with signing a big card, the author felt like "a rabbit in the headlight". What does this phrase mean ?

(1) A state of pain (2) A state of confusion

(3) A state of pleasure (4) A state of anxiety

**39.** How many teens, as per the Bic survey, do **not** own a pen ?

(1) 100 (2) 800 (3) 560 (4) 500

**40.** The entire existence of the author revolves round :

(a) Computer

(b) Mobile phone

(c) Typewriter

Identify the **correct** answer from the codes given below :

(1) (b) and (c) only (2) (b) only

(3) (a) and (b) only (4) (a), (b) and (c)

**41.** What is the main concern of the author ?

(1) That the teens have forgotten the art of handwriting.

(2) That the teens use social networks for communication.

(3) That the teens use mobile phones.

(4) That the teens use computer.

**42.** Using the central point of the classroom communication as the beginning of a dynamic pattern of ideas is referred to as :

(1) Mind mapping (2) Systemisation

(3) Problem - orientation (4) Idea protocol

**43.** The next term in the series

2, 5, 10, 17, 26, 37, ___?___ is :

(1) 72 (2) 50 (3) 57 (4) 62



Prepp
Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

38. एक बड़े कार्ड पर हस्ताक्षर करने की बात आई, तो लेखक को ''अग्रदीप में किसी खरगोश'' जैसा अनुभव हुआ। इस पद का क्या अर्थ है ?

(1) वेदना की स्थिति (2) उलझन की स्थिति

(3) प्रसन्नता की स्थिति (4) दुश्चिंता की स्थिति

39. बिक के सर्वेक्षण के अनुसार, कितने किशोरों के पास कोई कलम **नहीं** है ?

(1) 100 (2) 800 (3) 560 (4) 500

40. लेखक की संपूर्ण सत्ता __________ के इर्द-गिर्द घूमती है।

(a) कम्प्यूटर

(b) मोबाइल फोन

(c) टाइपराइटर

नीचे दिये गये कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिये :

(1) केवल (b) और (c) (2) केवल (b)

(3) केवल (a) और (b) (4) (a), (b) और (c)

41. लेखक की मुख्य चिंता क्या है ?

(1) कि किशोर हस्तलेखन की कला भूल गये हैं।

(2) कि किशोर संचार हेतु सामाजिक नेटवर्क का उपयोग करते हैं।

(3) कि किशोर मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं।

(4) कि किशोर कम्प्यूटर का उपयोग करते हैं।

42. विचारों के गतिशील पैटर्न की शुरुआत के लिए कक्षा संप्रेषण का केन्द्रीय बिन्दु के रूप में प्रयोग कहलाता है :

(1) मस्तिष्क चित्रण (2) व्यवस्थापन

(3) समस्या-उन्मुखीकरण (4) विचार प्रोटोकॉल

43. इस श्रृंखला की अगली संख्या क्या होगी ?

2, 5, 10, 17, 26, 37, ___?___

(1) 72 (2) 50 (3) 57 (4) 62



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

44. A group of 210 students appeared in some test. The mean of $\frac{1}{3}^{rd}$ of students is found to be 60. The mean of the remaining students is found to be 78. The mean of the whole group will be :

(1) 72 (2) 80 (3) 76 (4) 74

45. Attitudes, actions and appearances in the context of classroom communication are considered as :

(1) Irrational (2) Verbal (3) Non-verbal (4) Impersonal

46. Most often, the teacher - student communication is :

(1) Confrontational (2) Spurious (3) Critical (4) Utilitarian

47. Consider the following **assertion (A)** and **reason (R)** and select the **correct** code given below :

**(A) :** No man is perfect.

**(R) :** Some men are not perfect.

(1) **(A)** is false but **(R)** is true.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** does not provide sufficient reason for **(A)**.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** provides sufficient reason for **(A)**.

(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

48. A definition that has a meaning that is deliberately assigned to some symbol is called :

(1) Persuasive (2) Lexical (3) Precising (4) Stipulative

49. A Cluster of propositions with a structure that exhibits some inference is called :

(1) A valid argument (2) An inference

(3) An argument (4) An explanation

50. In a classroom, a communicator's trust level is determined by :

(1) eye contact (2) the use of hyperbole

(3) the change of voice level (4) the use of abstract concepts



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**44.** 210 छात्रों का एक समूह किसी परीक्षा में शामिल हुआ। $\frac{1}{3}$ छात्रों का माध्य 60 पाया जाता है। शेष छात्रों का माध्य 78 पाया जाता है। तब संपूर्ण समूह का माध्य क्या होगा ?

(1) 72 (2) 80 (3) 76 (4) 74

**45.** कक्षा संप्रेषण के संदर्भ में मनोवृत्तियों, कार्यों एवं प्रकटन को किस रूप में समझा जाता है ?

(1) असंगत (2) शाब्दिक (3) अशाब्दिक (4) अवैयक्तिक

**46.** शिक्षक-छात्र संप्रेषण प्राय: होता है :

(1) प्रतिरोधात्मक (2) अप्रामाणिक (3) विवेचनात्मक (4) उपयोगितावादी

**47.** निम्नलिखित **अभिकथन** **(A)** और **तर्क** **(R)** पर विचार कीजिए और दिए गए कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

**(A) :** कोई आदमी पूर्ण नहीं है।

**(R) :** कुछ आदमी पूर्ण नहीं हैं।

(1) **(A)** असत्य है, परन्तु **(R)** सत्य है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** के लिए पर्याप्त तर्क प्रस्तुत नहीं करता है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** के लिए पर्याप्त तर्क प्रस्तुत करता है।

(4) **(A)** सत्य है, परन्तु **(R)** असत्य है।

**48.** अर्थपूर्ण परिभाषा जिसे सोच-समझकर कुछ प्रतीकों के लिए निर्दिष्ट किया जाता है, कहलाता है :

(1) प्रत्ययकारी (2) कोश-विषयक (3) परिशुद्धता (4) स्वनिर्मित परिभाषा

**49.** संरचनावाले तर्कवाक्यों का समूह, जो कुछ निष्कर्ष प्रदर्शित करता है, कहलाता है :

(1) एक वैध तर्क (2) एक निष्कर्ष (3) एक तर्क (4) एक स्पष्टीकरण

**50.** कक्षा में एक संप्रेषक का विश्वास स्तर निर्धारित होता है :

(1) नज़र मिलाने से (2) अतिशयोक्ति के प्रयोग से

(3) आवाज स्तर के परिवर्तन से (4) अमूर्त अवधारणाओं के प्रयोग से



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

51. If the proposition 'No men are honest' is taken to be false which of the following proposition/ propositions can be claimed certainly to be true ?

**Propositions :**

(1) No honest person is man (2) All men are honest

(3) Some men are honest (4) Some men are not honest

52. Anil after travelling 6 km towards East from his house realized that he has travelled in a wrong direction. He turned and travelled 12 km towards West, turned right and travelled 8 km to reach his office. The straight distance of the office from his house is :

(1) 10 km (2) 20 km (3) 14 km (4) 12 km

53. P and Q are brothers. R and S are sisters. The son of P is brother of S. Q is related to R as :

(1) Father (2) Son (3) Brother (4) Uncle

54. The next term in the series :

B2E, D5H, F12K, H27N, ___?___ is :

(1) J58Q (2) J56I (3) I62Q (4) Q62J

55. Consider the argument given below :

'Pre - employment testing of teachers is quite fair because doctors, architects and engineers who are now employed had to face such a testing.'

What type of argument it is ?

(1) Biological (2) Deductive (3) Analogical (4) Psychological

56. A party was held in which a grandmother, father, mother, four sons, their wives and one son and two daughters to each of the sons were present. The number of females present in the party is :

(1) 24 (2) 12 (3) 14 (4) 18

57. Every type of communication is affected by its :

(1) Context (2) Reception (3) Transmission (4) Non-regulation

58. Aspects of the voice, other than the speech are known as :

(1) Delivery language (2) Physical language

(3) Personal language (4) Para language



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**51.** यदि तर्कवाक्य 'कोई आदमी ईमानदार नहीं है' को गलत माना जाता है तो निम्नलिखित तर्कवाक्य/तर्कवाक्यों में से किसे निश्चितरूपेण सही होने का दावा किया जा सकता है?

**तर्कवाक्य :**

(1) कोई ईमानदार व्यक्ति आदमी नहीं है। (2) सभी आदमी ईमानदार हैं।

(3) कुछ आदमी ईमानदार हैं। (4) कुछ आदमी ईमानदार नहीं हैं।

**52.** अनिल ने अपने घर से पूर्व की दिशा में 6 कि.मी. की दूरी तय करने के बाद यह महसूस किया कि उसने गलत दिशा में दूरी तय की है। वह वापस घूमा और पश्चिम की दिशा में 12 कि.मी. की दूरी तय की, दायीं ओर घूमकर अपने कार्यालय पहुँचने के लिए 8 कि.मी. की दूरी तय की। उसके घर से कार्यालय की सीधी दूरी कितनी है?

(1) 10 कि.मी. (2) 20 कि.मी. (3) 14 कि.मी. (4) 12 कि.मी.

**53.** P और Q भाई हैं। R और S बहन हैं। P का पुत्र S का भाई है। Q का R से कैसा संबंध है?

(1) पिता (2) पुत्र (3) भाई (4) चाचा

**54.** इस शृंखला का अगला पद क्या होगा?

B2E, D5H, F12K, H27N, ___?___

(1) J58Q (2) J56I (3) I62Q (4) Q62J

**55.** निम्न दिए गए तर्क पर विचार कीजिए :

'शिक्षकों का रोजगार पूर्व परीक्षण बिल्कुल उचित है क्योंकि चिकित्सकों, वास्तुकारों एवं अभियन्ताओं, जो इस समय नियुक्त हैं, को ऐसे परीक्षण का सामना करना पड़ा।'

यह किस प्रकार का तर्क है?

(1) जैविक (2) निगमनात्मक (3) सादृश्यमूलक (4) मनोवैज्ञानिक

**56.** एक पार्टी आयोजित की गई जिसमें दादी, पिता, माता, चार पुत्र, उनकी पत्नियां और प्रत्येक पुत्र के एक पुत्र एवं दो पुत्रियां उपस्थित थे। पार्टी में उपस्थित महिलाओं की संख्या कितनी है?

(1) 24 (2) 12 (3) 14 (4) 18

**57.** प्रत्येक प्रकार का संप्रेषण प्रभावित होता है :

(1) संदर्भ से (2) अभिग्रहण से (3) संचरण से (4) गैर-विनियमन से

**58.** वाणी के बजाय आवाज के पहलुओं को जाना जाता है :

(1) वितरण भाषा के रूप में (2) शारीरिक भाषा के रूप में

(3) वैयक्तिक भाषा के रूप में (4) परा भाषा के रूप में



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**59.** The main objectives of student evaluation of teachers are :

(a) To gather information about student weaknesses.

(b) To make teachers take teaching seriously.

(c) To help teachers adopt innovative methods of teaching.

(d) To identify the areas of further improvement in teacher traits.

Identify the **correct** answer from the codes given below :

(1) (a) only
(2) (a) and (b) only
(3) (b), (c) and (d) only
(4) (a), (b) and (c) only

**60.** Among the following propositions two are related in such a way that they can both be true although they cannot both be false. Which are those propositions ? Select the **correct** code.

**Propositions :**

(a) Some priests are cunning.

(b) No priest is cunning.

(c) All priests are cunning.

(d) Some priests are not cunning.

**Codes :**

(1) (a) and (d)
(2) (a) and (b)
(3) (c) and (d)
(4) (a) and (c)

- o 0 o -



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**59.** विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के मूल्यांकन के मुख्य उद्देश्य हैं :

(a) विद्यार्थियों की कमजोरियों के बारे में जानकारी एकत्र करना।

(b) शिक्षक को शिक्षण कार्य गंभीरता से लेने का संदेश देना।

(c) शिक्षण की नवीन विधियां अपनाने में शिक्षकों की सहायता करना।

(d) शिक्षक के गुणों में और अधिक सुधार के क्षेत्रों की पहचान करना।

नीचे दिये गये कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिये :

(1) केवल (a)
(2) केवल (a) और (b)
(3) केवल (b), (c) और (d)
(4) केवल (a), (b) और (c)

**60.** निम्नलिखित तर्कवाक्यों में दो इस तरह से संबंधित हैं कि वे दोनों सही हो सकते हैं यद्यपि वे दोनों गलत नहीं हो सकते हैं। वे तर्कवाक्य कौनसे हैं? **सही** कूट का चयन कीजिए।

**तर्कवाक्य :**

(a) कुछ पुजारी धूर्त होते हैं।

(b) कोई पुजारी धूर्त नहीं होता।

(c) सभी पुजारी धूर्त होते हैं।

(d) कुछ पुजारी धूर्त नहीं होते हैं।

**कूट :**

(1) (a) और (d)
(2) (a) और (b)
(3) (c) और (d)
(4) (a) और (c)

- o 0 o -



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in